# कार्यालय कलेक्टर एवं मिशन संचालक
# समग्र शिक्षा, जिला धमतरी (छ.ग.)

क्र./ESY./RMSA/समावेशी शिक्षा/2022–23 धमतरी, दिनांक 13/09/2022

## Walk-In Interview (साक्षात्कार)

**समग्र शिक्षा (राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान) अंतर्गत समावेशी शिक्षा में स्पेशल एजुकेटर भर्ती हेतु विज्ञापन**

प्रबंध संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/1087/SS/24/14/सेकेण्डरी/2021–22 रायपुर, दिनांक 04/07/2022 के द्वारा समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के बेहतर क्रियान्चयन हेतु समावेशी शिक्षा (कक्षा 9 वीं से 12 वीं) अंतर्गत विकासखंड स्तर पर स्पेशल एजुकेटर के पदों की एक निश्चित मानदेय पर स्वीकृति प्राप्त हुई है। **स्वीकृत पद हेतु दिनांक 23/9/2022 ~~को~~ प्रातः 10:00 बजे से संध्या 04:30 बजे तक Walk-In Interview (साक्षात्कार)**, कार्यालय, **जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी (न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग द्वितीय तल, कलेक्ट्रेट परिसर धमतरी) जिल धमतरी** (छ.ग.) में आयोजित की गई है । निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

### रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | जिला का नाम | स्पेशल एजुकेटर के स्वीकृत पद | श्रेणीवार पद का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | धमतरी | 04 | 01 | 02 | 0 | 01 |

### शैक्षणिक अर्हताएं :–

- स्नातकोत्तर के साथ बी.एड. (विशेष शिक्षा) में अथवा बी.एड. (सामान्य) के साथ 2 साल का डिप्लोमा (विशेष शिक्षा) में।

### नियम एवं शर्तें :–

- उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा स्वीकृत अवधि 03 माह के लिए ही अस्थायी रूप से रखा जायेगा एवं इस अवधि के पश्चात् भारत सरकार द्वारा आगामी माह के लिये स्वीकृति व मानदेय की राशि प्राप्त होने पर अवधि बढ़ायी जा सकेगी। अतः आवेदक कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक को नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा नही कर सकेगा।
- अनुबंध के आधार पर अस्थाई रूप से कार्य कर रहा उम्मीदवार मानेदय वृद्धि और नियमितीकरण हेतु न्यायालय में याचिका दायर करने हेतु पात्र नही होगा।
- चयनित उम्मीदवार को एक अनुबंध करार पर हस्ताक्षर करना होगा और करार अनुबंध के उल्लंघन के मामले में अनुबंध रद्द माना जायेगा। जिसकी सूचना नहीं दी जावेगी और सेवा बगैर पूर्व सूचना के स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।
- आरक्षण एवं आयु सीमा छूट प्रचलित शासकीय नियमों के अनुसार लागू होगा।
- चयनित उम्मीदवार को अस्थाई रूप से कार्य पर रखने संबंधी पत्र प्राप्त होने के पश्चात नियत तिथि तक कर्तव्य में उपस्थित होना पड़ेगा अन्यथा मेरिट सूची में अगले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जावेगी और अलग से आवेदक को औपचारिक सूचना नही दी जावेगी।
- समग्र शिक्षा जिला कार्यालय डाक में विलंब के लिये जिम्मेदार नही रहेगा, जिले द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
- कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक को विज्ञापन वापस लेने/चयन प्रक्रिया को रद्द करने के साथ ही उपरोक्त कार्य अवधि में कार्य से संतुष्ट नही पाये जाने की स्थिति में एवं किसी भी अन्य विवाद की स्थिति में स्पेशल एजुकेटर कार्य से पृथक करने का संपूर्ण अधिकार होगा । इस स्थिति में किसी भी प्रकार का आवेदन/अपील विचारणीय व मान्य नही होगा । विवाद होने पर निर्णय का संपूर्ण अधिकार कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक के पास सुरक्षित होगा।

Scanned with CamScanner

- इस पद हेतु निश्चित एवं एकमुश्त मानदेय रू. 20000/– (अक्षरी बीस हजार रू. मात्र) प्रतिमाह दिया जायेगा इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अन्य भत्ते की पात्रता नहीं होगी।
- आवेदक आवेदन प्रारूप में स्पष्ट शब्दों में आवेदित पद का नाम, पदनाम एवं विषय उल्लेखित किया जाना अनिवार्य होगा। अपूर्ण आवेदन मान्य नही किये जायेगें। आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2022 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होना अनिवार्य है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश नियुक्ति के लिये लागू होंगे।
- आयु की पुष्टि हेतु हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंक सूची को आधार माना जावेगां
- निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन पत्र मान्य होंगे।
- आवेदन प्रस्तुत् करते समय करते समय आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
- आवेदन पत्र में आवेदक का फोटो एवं संलग्न दस्तावेज स्व–प्रमाणित होना आवश्यक है। स्व–प्रमाणित न होने व दस्तावेज अपूर्ण होने पर आवेदन स्वमेव निरस्त हो जायेगा।
- आवेदक को आवेदन के साथ 10 रूपये के डाक टिकट के साथ स्वयं का स्थायी पता लिखा हुआ लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- आवेदक निर्धारित आवेदन पत्र के साथ कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी (न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग द्वितीय तल, कलेक्ट्रेट परिसर धमतरी) में निर्धारित तिथि 23/09/2022 एवं **प्रातः 10:00 बजे से संध्या 04:30 बजे तक** में **Walk-In Interview (साक्षात्कार)** हेतु उपस्थित होंगें।
- आवेदन पत्र का प्रारूप एवं भर्ती के संबंधी विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट https://www.deodhamtari.in/ एवं https://www.dhamtari.gov.in/ में उपलब्ध है।

कलेक्टर
एवं मिशन संचालक
समग्र शिक्षा धमतरी (छ.ग.)

पृ. क्र./855/RMSA/समावेशी शिक्षा/2022–23

धमतरी, दिनांक 13/09/2022

**प्रतिलिपि :–**

01. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर को सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
02. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
03. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
04. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं परियोजना संचालक समग्र शिक्षा धमतरी को सूचनार्थ।
05. संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग रायपुर को सूचनार्थ।
06. जिला सूचना अधिकारी, **NIC** धमतरी को सूचनार्थ एवं जिले के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
07. जिला शिक्षा अधिकारी, धमतरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
08. उप संचालक, जिला जनसम्पर्क विभाग को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
09. जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कलेक्टर
एवं मिशन संचालक
समग्र शिक्षा धमतरी (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# आवेदन पत्र

स्व प्रमाणित फोटोग्राफ

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी
सह जिला परियोजना अधिकारी
समग्र शिक्षा, जिला धमतरी (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :— ..................................................

2. (क) पूरा नाम (हिन्दी में) :— ..................................................

(ख) पिता/पति का नाम :— ..................................................

(ग) वर्तमान डाक का पता जिस पर पत्र व्यवहार किया जावेगा :— ..................................................

:— ..................................................

(घ) स्थायी डाक का पता :— ..................................................

:— ..................................................

3. जन्मतिथि (अंको में) :— दिन....................माह.......................वर्ष....................

(शब्दों में) :— ..................................................

(क) 01.01.2022 को आयु :— दिन....................माह.......................वर्ष....................

(ख) जन्म स्थान :— ..................................................

:— ग्राम.......................................पोस्ट...........................

:— तहसील...................................जिला...........................

:— प्रदेश.......................................पिन.............................

4. रोजगार कार्यालय का नाम :— ..................................................

जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक :— ..................................................

5. आवेदक की श्रेणी :—

| अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | सामान्य | महिला | पुरूष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें

6. **शैक्षणिक योग्यता** :— (जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

Scanned with CamScanner

7. क्या आप विवाहित है (हॉ/नहीं) यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि जीवित बच्चों की संख्या

| क. | नाम | लिंग | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

**8. अन्य संलग्नकों का विवरण**

1. .................................... 2. ....................................

3. .................................... 4. ....................................

5. .................................... 6. ....................................

7. .................................... 8. ....................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम————————————

पता————————————

**घोषणा पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मैने विज्ञाप्ति पात्रता की शर्तो को ध्यान से पढ़ लिया है। जहॉ तक मेरी जानकारी और विश्वास है इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां सत्य और सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य पायी जावेगी तो मेरा आवेदन निरस्त किया जायेगा और चयन के उपरान्त भी मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी। जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार नहीं होगा।

संलग्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियॉ मॉगे जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा।

स्थानः— ..........................

दिनांकः— ..........................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम————————————

पता————————————

Scanned with CamScanner